दैनिक जागरण 28/03/2026

एमसीए ओर एमबीए के मेधावी विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्ति

जीएमएन कालेज में छात्रवृत्ति समारोह में शामिल विद्यार्थी व स्टाफ • विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में बीएनएल प्रीफैब्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छात्रों के लिए छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कालेज ट्रस्ट एंड मैनेजमेंट सोसायटी अंबाला कैंट के सदस्य आलोक गुप्ता रहे, जिन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहायता का साधन नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को शिक्षा और आत्म विकास में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने का अवसर भी है। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस तरह की छात्रवृत्ति विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य में बहुत योगदान देती है।